भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. †*45

सोमवार, 06 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में सीआईएचएम की स्थापना

†*45. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कार्यरत केन्द्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों (सीआईएचएम) के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) क्या संयुक्त आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में केवल एक सीआईएचएम है;

(ग) यदि हां, तो क्या मंत्रालय राज्य के विभाजन के बाद वर्तमान सीआईएचएम के तेलंगाना में चले जाने के दृष्टिगत, आंध्र प्रदेश में सीआईएचएम स्थापित करने पर विचार कर रहा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ड.) : एक विवरण सभापटल पर रख दिया गया है ।

*****

आंध्र प्रदेश में सीआईएचएम की स्थापना के संबंध में दिनांक 06.02.2023 के लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*45 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

(क) : देश में प्रचालनरत केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों (सीआईएचएम) का लक्ष्य और उद्देश्य आतिथ्य शिक्षा प्रदान करना और आतिथ्य कौशल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना है । सीआईएचएम सभी प्रकार के होटल तथा केटरिंग प्रतिष्ठानों के प्रभावी प्रचालन के लिए अपेक्षित सभी शिल्प तथा कौशल में सैद्धांतिक और अनुप्रयुक्त के साथ संबंधित सभी संगठनात्मक और प्रबंधन तकनीकों का शिक्षण तथा प्रशिक्षण प्रदान करता है ।

(ख) : जी हां, महोदय ।

(ग) से (ड.) :

- संयुक्त आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने आंध प्रदेश में तिरुपति में आतिथ्य के क्षेत्र में भारतीय कलीनरी संस्थान (आईसीआई) नामक केंद्रीय संस्थान स्थापित किया है जो पर्यटन मंत्रालय के राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं केटरिंग प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी) के तहत केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों में स्नातक स्तर पर चलाए जा रहे आतिथ्य पाठ्यक्रमों की पेशकश भी कर रहा है । यह संस्थान पाक कला के क्षेत्र में पूर्वस्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रम भी चलाता है ।
- पर्यटन मंत्रालय के वित्तपोषण से तिरुपति, आंध्र प्रदेश में एक राज्य होटल प्रबंधन संस्थान (एसआईएचएम) भी है जो एनसीएचएमसीटी के अधीन आतिथ्य पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है ।
- पर्यटन शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए एमओटी के अधीन स्वायत्तशासी निकाय भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) का एक कॉलेज नेल्लौर, आंध्र प्रदेश में है ।
- इसके अतिरिक्त, एनसीएचएमसीटी के तहत आतिथ्य पाठ्यक्रमों के प्रचालन हेतु आंध्र प्रदेश की राज्य सरकार के वित्तीय सहयोग से पर्यटन मंत्रालय द्वारा काकीनाड़ा में एक अन्य राज्य होटल प्रबंधन संस्थान को स्वीकृति दी गई है ।

*****